# पंचकल्याणक महोत्सव : डिप्टी सीएम डॉ. बैरवा ने लिया जैन मुनि से आशीर्वाद

## जन्मे आदिनाथ भगवान, जन्मकल्याणक शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** नाका मदार स्थित जैसवाल जैन समाज द्वारा श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में आदिनाथ जन्म उत्सव मनाया। इस अवसर पर जन्मकल्याणक शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ीसंख्या में जैन श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। सभी कार्यक्रम में आचार्य वसुनंदी महाराज व 41 साधु-साध्वियों के सान्निध्य में आयोजन होने से वातावरण को आध्यात्मिक बना हुआ है। देशभर से हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हो रहे है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा जिनशासन तीर्थ क्षेत्र पहुंचे, उन्होंने यहां आचार्य वसुनंदी महाराज से आशीर्वाद लिया। महोत्सव से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव 20 से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है,



महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया, सुबह 5:45 बजे अभिषेक, महापूजा और हवन के साथ जन्म कल्याणक पूजा हुई। 7:15 बजे आदिनाथ भगवान का दिव्य जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें मंगल गीतों और बधाइयों की गूंज ने माहौल भक्तिमय कर दिया। प्रवचनों में मिला आत्मकल्याण का संदेश प्रातः 9:15 बजे आचार्य वसुनंदी महाराज के प्रवचन में पंचकल्याणक की महत्ता और तीर्थकरों के जीवन संदेशों की जानकारी दी। इसके पश्चात सौधर्म इन्द्र द्वारा अयोध्या नगरी की प्रदक्षिणा एवं तीर्थंकर बालक को लाने की झांकी ने श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया।

**डिप्टी सीएम ने लिया जैन मुनि से आशीर्वादः** जैन समाज के पंचकल्याण महोत्सव व मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने अजमेर पहुंचे डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रभु के दर्शन पूजन कर लोक मंगल हेतु हार्दिक प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर परम पूज्य आचार्य वसुनंदी महामुनिराज ससंघ का सान्निध्य प्राप्त करते हुए उनके आशीर्वचनों का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया तथा समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण हेतु कामना की है। इस अवसर पर विश्व की सबसे छोटी महिला 32 वर्षीय बहिन ज्योति से भी आत्मीय भेंट की। अनिता भदेल, डिप्टी मेयर नीरज जैन, शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी, महोत्सव कार्यक्रम अध्यक्ष हेमन्त जैन सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाबः** सोमवार प्रातः 10:30 बजे ऐरावत हाथी पर विराजमान तीर्थंकर आदिनाथ की प्रतीकात्मक यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 15 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। जन्माभिषेक की 1008 कलशों की परंपरा, सजे हुए हाथी-घोड़े, ऊंट, ढोल-ताशे और बैंड की प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को भव्यता प्रदान की। सायंकाल प्रवचन, आरती और रात्रि 8:15 बजे प्रस्तुत ताण्डव नृत्य, पालना झुलाने की परंपरा और आदिनाथ भगवान की बाल लीलाओं की झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## युवा हुनरबाजों का हौंसला अफजाई

### तनुष झूरानी का महासंघ ने किया अभिनंदन



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के तत्वावधान में सेन्ट एंसलम स्कूल की कक्षा 8 की तनुष झूरानी पुत्र सोनी और राजेश झूरानी का श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ द्वारा वैशाली नगर में आयोजित समारोह में पजल गेम को मात्र दो मिनट में हल करने पर सम्मानित किया गया। पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मूरजानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि टैलेन्ट दिखाने वालो का व्यापारिक महासंघ व पूज्य सिन्धी पंचायत हौंसला अफजाई करती रहती है। रमेश लालवानी ने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता और उनकी हौसला अफजाई से उनमें और भी अधिक निखार आता है। वैशाली नगर व्यापारिक एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश मूरजानी ने तनुष को 11 सौ रुपए नकद राशि से पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर बिमला मार्केट व्यापारिक एसोसिएशन के रमेश कुमार, राजू भक्तानी, नया बाजार की कुशल जैन, महेन्द्र बंसल और रमेश लालवानी ने तनुष झूरानी का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया।

## क्षेत्र का विकास कराना पहली प्राथमिकता : भदेल

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने सोमवार को वार्ड संख्या 28 में करीब 86 लाख रुपए के विकास कार्यों का पूजा अर्चना कर विधिविधान से शिलान्यास किया। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने सोमवार सुबह सुबह 9 बजे 66 लाख रुपए की लागत से बनने वाली खानपुरा रामदेव मंदिर से खानपुरा तालाब की पाल तक डामर व सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा शाम 6 बजे वार्ड संख्या 28 गणेश नगर, न्यू गोविन्द नगर में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक भदेल ने क्षेत्रवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि खानपुरा तालाब की पाल तक डामर व सीसी सड़क निर्माण होने से लोगों राहत मिलेगी। मालूम हो कि बरसात के दिनों में पानी भर से जगह-जगह से सड़क पर गड्ढे पड़ गए थे, जिसको ध्यान में रखते हुए सड़क का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर आदर्श मंडल अध्यक्ष हितेश ढाबरिया, मंडल प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह जादोन वार्ड पार्षद सहित कार्यकता व क्षेत्रासी उपस्थित रहे।

## रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने किया अजमेर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में चल रहे रेलवे के विकास कार्यों का निरीक्षण के लिए सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ अजमेर मंडल के दौरे पर रहे। महाप्रबंधक ने अजमेर रेलवे स्टेशन के साथ विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं को जांच और अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। दक्षिण विधायक अनीता भदेल से मुलाकात कर रेलवे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा भी की।

उत्तर पश्चिम रेलवे के माहप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि अजमेर मंडल में अमृत योजना के तहत विकास कार्य चल रहा है। कार्य लगभग अंतिम चरणों में है। बिल्डिंग से संबंधित काम कंप्लीट हो चुके हैं। ब्रिज और फुटवर पर काम चल रहा है, लिफ्ट और नहीं लगाई जाएगी। महाप्रबंधक ने ब्यावर, सोजत रोड, मारवाड़ जंक्शन, रानी और फालना स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को भी देखा और कार्य में तेजी लाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

**प्लेटफार्म पर लगेगा यूनीफॉमली कोच गाइडेसं सिस्टमः** महाप्रबंधक अमिताभ ने कहा कि जिन भी रेलवे प्लेटफार्म पर 4 से अधिक गाड़ियां आती हैं, उन सब पर यूनीफॉमली कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों को यह चिन्हित करने में दिक्कत नहीं हो कि उनका डब्बा कहां पर आ कर रुकेगा, इसी तरह के अन्य काम अजमेर मंडल में करवाए जा रहे है।

**45 ब्रिज को रिप्लेस किया गया :** महाप्रबंध ने बताया कि अजमेर मंडल में बहुत सारे पुराने ब्रिज हैं, जिनमें से 45 ब्रिज को रिप्लेस कर दिया है, बाकी बचे ब्रिज को भी जल्द ही रिप्लेस कर दिया जाएगा, जिससे हैवी लोडेड ट्रेन फुल स्पीड में निकल सके। महाप्रबंधक ने कहा कि निरीक्षण में मुख्य तौर पर सेफ्टी प्राथमिकता रही है। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट को लेकर चर्चा की है।

## अवैध हुक्का बार पर पुलिस की छापा मार कार्रवाई

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने वैशाली नगर स्थित एक कैफे संचालित हुक्का बार पर छापामार कार्यवाही करते हुए हुक्का परोसने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने एमटीसी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर संचालित इंफिनिटी कैफे में अवैध हुक्का बार पर दबिश देकर काय्रवाही अंजाम दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्रिश्चियनगंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कैफे में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर 18 से 20 युवक-युवतियां हुक्का पीते हुए पाए गए। आगरा गेट निवासी आकाश वैष्णव कैफे में हुक्का परोसता मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर युवक कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। कैफे की तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 4 हुक्का चिलम पाइप, 2 हुक्का पाइप, 10 फ्लेवर के बंद पैकेट, 8 खुले फ्लेवर पैकेट और अन्य हुक्का सामग्री जब्त की। आरोपी आकाश को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जहां उसके खिलाफ धूम्रपान निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए समर्पित भाव से करें मेहनत : नायक

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान सच्चे राष्ट्रनायकः किशनानी



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** 11वीं अखिल भारतीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मृति राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पीसांगन पंचायत समिति के प्रधान दिनेश नायक ने कहा कि युवा पीढ़ी अपने लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए समर्पित भाव से मेहनत करें। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर आगामी लक्ष्य निर्धारित करें।

लोहागल रोड स्थित करणी स्पोर्टस शूटिंग एवं एडवंचर्स एकेडमी पर आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 500 से अधिक छात्र-छात्राएं पुरुष-महिला शूटर्स के साथ हैंडिकेप तथा मास्टर्स वर्ग के शूटर्स भाग ले रहे है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान धरोहर संरक्षणं एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान एक सच्चे राष्ट्रनायक थे। उनकी वीरता और राष्ट्रभक्ति सदैव प्रेरणास्त्रोत रहीं है, युवा वर्ग अपनी जीत पर अभिमान न करें तथा असफलताओं से घबराएं बिना आगे बढ़े। समारोह के विशिष्ठ अतिथि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य भानु पंथ ने कहा कि राइफल शूटिंग खेल ने तेजी से अपनी ख्याति विश्व मंच पर अर्जित की है। इस खेल में देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कारों को जीत भारतीय शूटर्स ने ओलपिंक स्तर तक अपना परचम फहराया है। आयोजन समिति के प्रमुख हिम्मत सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड एवं मेजबान राजस्थान राज्यों के 500 से अधिक शूटर्स भाग ले रहे है। इसमें पिस्टल एवं एयर राइफल वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जा रहे है। पत्रकारों के लिए मंगलवार को 11 बजे मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। समारोह के विशिष्ठ अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी एवं तकनिकी अधिकारी विनीत लोहिया, प्रेसीडेंसी स्कूल के निर्देशक एपी शर्मा, राष्ट्रीय मिलट्री स्कूल के बीएल गोदारा, रावत सिंह, ग्राम पंचायत गोला सरपंच सुमन कंवर राठौड़, रोहन पायलट ने जन समूह को सम्बोधित किया।

## आतिशबाजी ने फूंका सुशीला किन्नर का आशियाना

### पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** तीर्थ नगरी पुष्कर में बीती रात देवनगर रोड बायली स्थित एक रिसोर्ट में शादी समारोह में हुई आतिशबाजी से लगी आग ने तांडव मचा दिया। रिसोर्ट के पास सुशीला किन्नर के मकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आशियाना जलकर राख हो गया। सोमवार को सुशीला किन्नर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी वंदिता राणा को रो-रोकर आपबीती बताई और रिसोर्ट मालिक के खिलाफ कार्यवाही करने सहित रिसोर्ट प्रबंधन से मुआवजे की मांग की।

पीड़ित सुशीला किन्नर ने सोमवार को एसपी वंदिता राणा से मुलाकात कर आपबीती बताते हुए कहा कि वह एक बेसहारा किन्नर हैं। अल सुबह करीब 4:40 बजे रिसोर्ट में शादी समारोह के दौरान पटाखे और रॉकेट चलाए गए, इसी बीच एक रॉकेट उनके घर की फूस की छत पर आ गिरा जिससे आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा कीमती सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बिस्तर, अनाज, चारा और ज्वेलरी आदि पूरी तरह जलकर राख हो गए। नुकसान की अनुमानित राशि लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है।

**रिसोर्ट मालिक से मुआवजे की मांगः** पीड़ित सुशीला किन्नर ने आरोप लगाया कि रिसोर्ट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा के कोई उचित इंतजाम नहीं है और न ही अग्निशमन संबंधी कोई संसाधन मौजूद था। आग लगने पर नगर परिषद की दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।

सुशीला का कहना है कि रिसोर्ट के पास फायर एनओसी सहित अन्य वैध स्वीकृतियां भी नहीं हैं, जबकि यह क्षेत्र आवासीय घोषित है। सुशीला ने कहा कि उसकी जीवन भर की कमाई अग्नि में स्वाह हो गई है। पुलिस थाना पुष्कर में रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सहित उचित मुआवजे दिलाया जाए।

## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 5 लाख की ठगी

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** डिजिटल क्रांति में अब डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगों द्वारा वारदात अंजाम दी जा रही है। ऐसा ही एक मामला अजमेर में सामने आया है। साइबर ठगों ने उत्तर प्रदेश के एक प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर करीब 5 लाख रुपए की ठगी की थी। अजमेर जिला साइबर पुलि ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने अपना बैंक खाता और सिम साइबर ठगों को बेचा था।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि 24 जनवरी को अनुराग पुत्र अवध किशोर निवासी कानपुर (यूपी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 18 नवंबर 2024 को अनुराग को एक अज्ञात कॉल आया जिसमें कॉलर ने खुद को बीएचईएल कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उसके नाम से मुम्बई से चीन भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ मिला है। इसके बाद अनुराग को सीबीआई एजेंसीं का हवाला देकर मानसिक दबाव में रखा गया और कहा गया कि वह डिजिटल अरेस्ट में है। एसपी राणा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा दस दिनों तक डराकर पीड़ित से विभिन्न बैंक खातों में 5,18,966 रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए।

## दिव्यांगों को आत्मविश्वास के साथ कौशल विकास पर ध्यान देना आवश्यक

### दिव्यांग युवाओं के सशक्तिकरण हेतु कैम्प का आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास अजमेर परिसर में उड़ान दिव्यांग युवाओं के सशक्तिकरण हेतु शिविर का आयोजन राजस्थान महिला कल्याण मण्डल दौराई फाउंडेशन चैन्नई एवं स्प्रेडिंग स्माइल के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि डॉ. निष्ठा कृष्णा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त, कृष्णा आनंद, डॉ. सुमित्रा प्रसाद, संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक एवं संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर कौशिक ने सहभागिता की। अतिथियों का दिव्यांग युवाओं द्वारा बनाए गए गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया, जिससे उनकी रचनात्मकता और स्वावलंबन की भावना उजागर हुई। संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर कौशिक ने बताया की उड़ान केंप का उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को आत्मविश्वास, सम्मान और कौशल के साथ सशक्त बनाना है, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और एक गरिमामय जीवन जी सकें।

**योग व सजावटी सामान बनाने के गुर सीखेः** शिविर में प्रथम सत्र योग व ध्यान डॉ. सुमित्रा प्रसाद सिखाया गया। दिव्यांग बच्चों एवं संस्थान के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतिभागियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी। द्वितीय प्रशिक्षण सत्र में बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं जैसे प्लास्टिक बोतलें एवं पुराने समाचार पत्रों से सुंदर सजावटी वस्तुएं बनाना सीखा। यह गतिविधि न केवल उनके कौशल विकास का माध्यम बनीए बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत सराहनीय रही।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरसी यादव उपअधीक्षक जनाना अस्पताल अजमेर रहे। उन्होंने मीनू स्कूल चाचियावास की छात्रा फातिमा बानो को दौराई फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त स्वयं सिद्ध पुरस्कार से सम्मानित किया जो उसकी निरंतर प्रगति एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। राकेश कुमार कौशिक निदेशक एवं क्षमा आर कौशिक सचिव एवं मुख्य कार्यकारी राजस्थान महिला कल्याण मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया और सभी सहभागियों का आभार जताया। संचालन उमनाथ मिश्रा, करुणा शर्मा, बरखा गहलोत, मंजू शर्मा, भंवर सिंह गोड, विपुल कंवरिया एवं विवेक कुमार यादव का विशेष सहयोग रहा,संचालन की भूमिका प्रधानाध्यापक ईश्वर शर्मा ने निभाई।

## वर्तमान में महावीर स्वामी के संदेश जियो और जीने दो की प्रासंगिकता जरूरी

### सेंट एंसलम स्कूल में सर्वधर्म सभा का आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** केसरगंज स्थित सेंट एंसलम सीनियर सैकंडरी स्कूल में सोमवार को विद्यालय के संरक्षक संत एन्सलम पर्व के अवसर पर दिगंबर जैन महासमिति द्वारा सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा की मुख्य विषय 'जियो और जीने दो' जो सामाजिक सौहार्द, सहिष्णुता और आपसी सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करता है थी। इस अवसर पर विद्वानों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान में महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के संदेश की प्रासंगिकता को जरूरी बतायाई। सर्वधर्म सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह के नाजिम मोहम्मद बिलाल खान रहे।

उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि सभी धर्मों की बुनियाद करुणा, प्रेम और सेवा पर आधारित है और इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने जीवन में सहअस्तित्व और भाईचारे को सर्वोच्च मूल्य बताया। सभा में ईसाई, जैन, बौद्ध, सिख और हिंदू धर्म के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने विचार रखे।

ईसाई धर्म से फादर नेल्सन ने प्रेम और क्षमा की बात कही, जैन धर्म से प्रकाश जैन ने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च सिद्धांत बताया। बौद्ध धर्म से प्रो.सुशील बैरवा ने करुणा और आत्मबोध के महत्व पर प्रकाश डाला। सिख धर्म से प्रो. जेएस सोखी ने सरबत दा भला और सेवा को मूल मंत्र बताया, जबकि हिंदू धर्म से चित्रकूट धाम के उपासक पाठक महाराज ने वसुधैव कुटुम्बकम् के माध्यम से वैश्विक एकता का संदेश दिया।

विद्यालय के प्राचार्य फादर नेल्सन ने सभी धर्मगुरुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन संत एंसलम की विचारधारा को दर्शाता है, जो सत्य, तर्क और विश्वास की नींव पर टिकी है। सभा का समापन धर्मों की एकता, विश्व शांति और मानव कल्याण की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में अजय दोसी, राजेंद्र सहित शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावक उपस्थित रहे।